बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-38
20/01/2026

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में गोपालगंज जिले में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 20 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में गोपालगंज जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में गोपालगंज जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सारण तटबंध के कि०मी० 80.00 से कि०मी० 152.00 के बीच तथा संलग्न छरकियों पर उच्चीकरण, सुदृढीकरण, सुरक्षात्मक कार्य तथा शीर्ष पर कालीकरण कार्य का उद्‌घाटन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रगति यात्रा अंतर्गत गोपालगंज जिले में थावे मंदिर परिसर के मुख्य संपर्क पथ, आंतरिक पथ का निर्माण एवं गोपालगंज जिला में आर0ओ0बी0 एवं पुल/ पुलिया सहित मीरगंज बाईपास का निर्माण कार्य, कटैया औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल को विजयीपुर–देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाइपास सड़क का निर्माण सहित अन्य विकास कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यों को ठीक ढंग से निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराए। इन कामों को पूरा हो जाने से लोगों को सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने सारण तटबंध के निकट किसान मेला सह कृषि यंत्र प्रदर्शनी–2026 में जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग एवं गन्ना उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के तहत सिस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना हेतु 40 प्रतिशत अनुदान से संबंधित सांकेतिक चेक लाभुक को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रखंड मुख्यालय बरौली में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा योजना, सतत् जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक/चाबी/स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आपके द्वारा स्वयं सहायता संगठन के रूप में की गई अनोखी पहल से हम सभी के जीवन स्तर में काफी बेहतरी आई है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रारंभिक तौर पर प्राप्त की गई 10 हजार रुपये की राशि से हम सभी जीविका दीदियों की रोजगार के प्रति रुचि बढ़ी है। इससे हमें फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत के क्रम में कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। बिहार की प्रगति में आपका योगदान का महत्वपूर्ण स्थान है। इसी तरह काम करते रहिए। सरकार आपके साथ है। जीवन में कभी चिंतित नहीं होना चाहिए, हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहना चाहिए।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रखंड मुख्यालय, बरौली के प्रांगण में रिमोट के माध्यम से कुल 316 करोड़ रुपये की लागत से 40 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जिसमें 181 करोड़ रुपये की लागत से 33 योजनाओं का शिलान्यास तथा 135 करोड़ रुपये की लागत से 7 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रखंड मुख्यालय के परिसर में निर्माणाधीन प्रखंड कार्यालय भवन के प्रगति कार्य का जायजा लिया एवं अधिकारियों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डेंटल ओ0पी0डी0, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, जनरल वार्ड आदि का जायजा लिया।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, सांसद डॉ0 आलोक कुमार सुमन, विधायक श्री मंजीत कुमार सिंह, विधायक श्री सुभाष सिंह, विधान पार्षद श्री राजीव कुमार, पूर्व विधायक श्री मोहम्मद नेमतुल्ला, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बी०एम०एस०आई०सी०एल० के प्रबंध निदेशक श्री निलेश रामचंद्र देवरे, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री मनीष कुमार, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री निलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री पवन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक श्री विनय तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******